# कार्यालय, निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना।


## आदेश

02/नि॰ स्था॰ (खेल कोटा–लिपिक नियुक्ति–01) – 03/2025


9036
06.10.2025.


बिहार उत्कृष्ट खिलाड़ियों की सीधी नियुक्ति नियमावली, 2023 (यथासंशोधित) के तहत् प्रकाशित विज्ञापन दिनांक 05.11.2024 के आलोक में सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक 26/नि.–01–03/2025 सा0प्र0–18422 दिनांक 25.09.2025 द्वारा निम्नांकित अभ्यर्थियों की निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना के अधीन क्षेत्रीय लिपिक संवर्ग में निम्न वर्गीय लिपिक (वेतनमान रु.5200–20200, ग्रेड पे–1900/–, पुनरीक्षित वेतन स्तर–2) के पद पर नियुक्ति की अनुशंसा की गई है।

2॰ अतः उपरोक्त अनुशंसा पत्र में निहित निदेश तथा सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के संकल्प संख्या 2082 दिनांक 01.04.2003 तथा पत्र संख्या 1859 दिनांक 08.07.2006 में निहित निदेशों के अनुरूप इन अभ्यर्थियों की, चरित्र एवं पूर्ववृत्त सत्यापन प्रतिवेदन प्राप्त होने की प्रत्याशा में, निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना के अधीन क्षेत्रीय लिपिक संवर्ग में निम्न वर्गीय लिपिक (वेतनमान रु.5200–20200, ग्रेड पे–1900/–, पुनरीक्षित वेतन स्तर–2) के पद पर औपबंधिक रुप से अगले छः माह के लिए नियुक्त किया जाता है तथा उनके नाम के समक्ष कॉलम–6 में अंकित कार्यालय में पदस्थापित किया जाता है :–

| क्र॰ | खेल विधा/ आवेदन संख्या | नाम/ जन्म तिथि/ आरक्षण कोटि | पिता/माता/ पति का नाम/ स्थायी पता | फोटो | पदस्थापन कार्यालय | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Kabaddi KAB/ 00000580 | SUMAN KUMARI 04-06-2005 EBC | ARUN KUMAR VILL-MOKAMAGHAT, PS-MOKAMA, PO-MOKAMAGHAT PATNA 803303 |   | जिला सहकारिता पदाधिकारी, बेगूसराय | |
| 2 | Kabaddi KAB/ 00000776 | SURUCHI KUMARI 03-07-2005 UR | D/O-SHYAMSUNDAR PANDEY VILL MARANCHI PO & PS-MARANCHI PATNA 803301 |   | सहायक निबंधक, सहयोग समितियाँ, बेगूसराय | |
| 3 | Lawn Bowls LNB/ 00000487 | JAMEEL AHMAD 06-11-2002 EBC | MD MURTUZA M.L.A. FLAT, BHRITIYA AWAS, PANI TANKI GOLAMBEER, VEERCHAND PATEL PATH, PO-PATNA GPO, PS-KOTWALI THANA, PATNA 800001 |   | सहायक निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहारशरीफ अंचल | |
| 4 | Lawn Bowls LNB/ 00000738 | MD MUKHTAR KHAN 19-02-1981 UR | MD IZHAR KHAN OLD CITY COURT, MAHAVIR GHAT, POST-GULZARBAGH, PS-ALAMGANJ, PATNA 800007 |   | निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना | |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | Lawn Bowls<br>LNB/<br>00000661 | NITESH PARIK<br>20-01-1990<br>EWS | MATADIN PARIK<br>DHARAMSHALA<br>GALI CHOWK.<br>PATNA CITY,<br>PO-JHAUGANJ,<br>PS-CHOWK,<br>PATNA 800008 |  | सहकारिता<br>प्रशिक्षण केन्द्र,<br>पूसा, समस्तीपुर | |
| 6 | Sepaktakraw<br>SPT/<br>00000629 | AARTI<br>KUMARI<br>06-03-2006<br>EBC | D/O-OM PRAKASH<br>GUPTA<br>PIRMOHANI,<br>UMA CINEMA HALL,<br>GALI NO. 03,<br>PO-KADAMKUAN,<br>PS-GANDHIMAIDAN,<br>PATNA 800003 |  | बिहार<br>स्वावलम्बी<br>सहकारी<br>अधिकरण, पटना | |
| 7 | Sepaktakraw<br>SPT/<br>00000624 | RASHMI<br>KUMARI<br>09-04-2005<br>SC | D/O-RAMESH RAJAK,<br>WEST ASHOK<br>NAGAR,<br>ROAD NO-01,<br>NEAR ANURADHA<br>SADAN,<br>PO-LOHIYA NAGAR,<br>PS-KANKARBAGH,<br>PATNA 800020 |  | जिला<br>सहकारिता<br>पदाधिकारी,<br>वैशाली<br>(हाजीपुर) | |
| 8 | Sepaktakraw<br>SPT/<br>00000540 | SNEHA<br>VERMA<br>04-04-2006<br>EWS | SANJAY KUMAR<br>VERMA<br>ASHOK NAGAR<br>ROAD NO-1/D,<br>KANKARBAGH,<br>PATNA 800020 |  | बिहार<br>स्वावलम्बी<br>सहकारी<br>अधिकरण, पटना | |
| 9 | Sepaktakraw<br>SPT/<br>00000622 | VARSHA<br>KUMARI<br>01-01-2005<br>EBC | D/O-PAPPU PRASAD,<br>ASHOK NAGAR ROAD<br>NO-01,<br>PO-LOHIYA NAGAR,<br>PS-KANKARBAGH,<br>PATNA-800020 |  | जिला अंकेक्षण<br>पदाधिकारी,<br>सहयोग<br>समितियाँ,<br>वैशाली<br>(हाजीपुर) | |
| 10 | Sepaktakraw<br>SPT/<br>00000626 | ARADHYA<br>SRIVASTAVA<br>15-01-2006<br>EWS | D/O-PRAMOD KUMAR<br>SRIVASTAVA,<br>ASHOK NAGAR,<br>ROAD NO-1/C,<br>PO-LOHIYA NAGAR,<br>PS-KANKARBAGH,<br>PATNA-800020 |  | सहायक<br>निबंधक,<br>सहयोग<br>समितियाँ,<br>हाजीपुर अंचल | |
| 11 | Sepaktakraw<br>SPT/<br>00000613 | PRINCE<br>KUMAR<br>10-03-2005<br>EBC | RAJESH SINGH<br>B/67, P.C.COLONY,<br>NEAR COMMUNITY<br>HALL,<br>PO-LOHIYA NAGAR,<br>PS-KANKARBAGH<br>PATNA 800020 |  | जिला अंकेक्षण<br>पदाधिकारी,<br>सहयोग<br>समितियाँ,<br>जहानाबाद | |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 12 | Sepaktakraw<br>SPT/<br>00000612 | JAIVEER<br>SINGH<br>09-02-2006<br>EWS | BAJRANG PRATAP<br>SINGH<br>RENTAL FLAT NO-<br>167, PUNCHSHIV<br>MANDIR,<br>PO-LOHIYA NAGAR,<br>PS-KANKARBAGH,<br>PATNA 800020 |   | जिला अंकेक्षण<br>पदाधिकारी,<br>सहयोग<br>समितियाँ,<br>अरवल | |
| 13 | Sepaktakraw<br>SPT/<br>00000609 | SPARSH SINHA<br>01-01-2004<br>EWS | SUDHIR KUMAR<br>SINHA<br>2/13 WEAKER<br>SECTION,<br>KANKARBAGH,<br>PO-LOHIYA NAGAR,<br>PS-KANKARAGH,<br>PATNA-800020 |   | संयुक्त निबंधक<br>(अंकेक्षण),<br>सहयोग<br>समितियाँ, सारण<br>प्रमण्डल, छपरा | |
| 14 | Sepaktakraw<br>SPT/<br>00000636 | DHARMENDRA<br>KUMAR<br>04-03-2005<br>BC | SURENDRA PATEL<br>B-90, HOUSING<br>COLONY,<br>PANCHSHIV MANDIR,<br>WARD NO-34,<br>KANKARBAGH,<br>PO-LOHIYA NAGAR,<br>PS-KANKARBAGH,<br>PATNA 800020 |   | सहायक<br>निबंधक,<br>सहयोग<br>समितियाँ, पूर्वी<br>अंचल,<br>मुजफ्फरपुर | |
| 15 | Sepaktakraw<br>SPT/<br>00000627 | RAJ ARYAN<br>29-03-2005<br>BC | VIDYA BHUSHAN,<br>SOUTH CHANDMARI<br>ROAD,<br>PO-LOHIYA NAGAR,<br>PS-KANKARBAGH,<br>PATNA-800020 |  | सहायक<br>निबंधक,<br>सहयोग<br>समितियाँ,<br>पश्चिमी अंचल,<br>मुजफ्फरपुर | |
| 16 | Sepaktakraw<br>SPT/<br>00000638 | KUNDAN<br>KUMAR<br>24-06-2005<br>BC | GAJENDRA PURI,<br>PURI BHAWAN,<br>CHANDMARI ROAD,<br>GALI NO-02,<br>CHUTKALA NAND,<br>KANKARBAGH,<br>PO-LOHYA NAGAR,<br>PS-KANKARBAGH,<br>PATNA 800020 |   | जिला<br>सहकारिता<br>पदाधिकारी,<br>सीवान | |
| 17 | Sepaktakraw<br>SPT/<br>00000633 | SACHIN<br>KUMAR<br>29-05-2006<br>EBC | SANJIVAN SHARMA<br>DURGA MANDIR,<br>NAYA CHAK,<br>PO-MANOHARPUR<br>KACHHUARA,<br>PS-RAMKRISHNA<br>NAGAR,<br>PATNA 800027 |   | जिला अंकेक्षण<br>पदाधिकारी,<br>सहयोग<br>समितियाँ,<br>भोजपुर (आरा) | |
| 18 | Sepaktakraw<br>SPT/<br>00000615 | ANUP KUMAR<br>24-08-2003<br>BC | RAJKUMAR PRASAD<br>WEAKER SECTION<br>1/2, WARD NO-34,<br>NEAR PANCH SHIV<br>MANDIR,<br>PO-LOHIYA NAGAR,<br>PS-KANKARBAGH<br>PATNA 800020 |   | सहायक<br>निबंधक,<br>सहयोग<br>समितियाँ,<br>समस्तीपुर अंचल | |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 19 | Wushu<br>WSH/<br>00000618 | AMISHA<br>KUMARI<br>30-01-2003<br>BC | SUNIL KUMAR SINGH<br>VILL-SURAUNDHA<br>PO-SUKRAWALIYA<br>PS-ITARHI<br>BUXAR 802114 |  | जिला<br>सहकारिता<br>पदाधिकारी,<br>भोजपुर (आरा) | |
| 20 | Wrestling<br>WRE/<br>00000752 | ANNU GUPTA<br>03-06-2000<br>EBC | D/O-BHAGAVAN<br>SHAH<br>VILL-NUWAN,<br>PO-KABILASPUR,<br>PS-DURGAWATI-<br>KAIMUR 821105 |  | जिला अंकेक्षण<br>पदाधिकारी,<br>सहयोग<br>समितियाँ,<br>रोहतास | |

3॰ यह नियुक्ति उपरोक्त अभ्यर्थियों द्वारा समर्पित शपथ–पत्र एवं सत्यापन प्रपत्र में अंकित सूचनाओं को सत्य मानतें हुए इस शर्त्त पर की जा रही है कि भविष्य में चरित्र एवं पूर्ववृत्त सत्यापन/शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र एवं अन्य संगत प्रमाण–पत्र के संबंध में गलत सूचना या प्रतिकूल प्रतिवेदन प्राप्त होने पर उनकी सेवा तत्काल समाप्त कर दी जाएगी एवं भुगतान की गई राशि एक मुश्त वसूल करते हुए आवश्यक कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

4॰ बिहार उत्कृष्ट खिलाड़ियों की सीधी नियुक्ति नियमावली, 2023 (यथासंशोधित) के नियम–10 (ii) के आलोक में खेल कोटा के अधीन नियुक्त उपरोक्त अभ्यर्थी नियुक्ति की तिथि से 05 वर्षों तक सक्रिय खिलाड़ी के रुप में प्रतिस्पर्धाओं में शामिल होंगे एवं इस प्रयोजनार्थ एक बंधपत्र (Bond) अनिवार्य रुप से समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे। बंधपत्र (Bond) की शर्त्तों को पूरा करने में विफल रहने वाले खिलाड़ियों की सेवा संपुष्टि नहीं की जायेगी।

5॰ इन्हें सामान्य प्रशासन विभाग (कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग) द्वारा निर्गत संकल्प संख्या 1919 दिनांक 18.01.76 के अनुपालन में दहेज न लेने–देने संबंधी घोषणा–पत्र एवं बिहार सेवा संहिता के नियम–52 के अन्तर्गत असैनिक शल्य चिकित्सक द्वारा प्रदत्त अपने स्वास्थ्य प्रमाण–पत्र के साथ पदस्थापन कार्यालय में 30 दिनों के अन्दर अपना योगदान समर्पित करना होगा।

6॰ यह नियुक्ति पदस्थापन कार्यालय में इनके योगदान की तिथि से प्रभावी होगी।

7॰ वित्त विभाग के संकल्प संख्या 1964 दिनांक 21.08.2005 एवं 768 पे॰को॰, दिनांक 03.07.2007 के अनुसार इन नव नियुक्त कर्मियों पर नई अंशदायी पेंशन योजना लागू होगी।

8॰ सामान्य प्रशासन विभाग (कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग) द्वारा निर्गत संकल्प संख्या 2082 दिनांक 01.04.2003 के निदेशानुसार फोटो युक्त नियुक्ति–पत्र प्रस्तुत नहीं किये जाने पर योगदान स्वीकृत नहीं किया जाएगा। साथ ही, योगदान स्वीकार करने वाले पदाधिकारी प्रथम दृष्ट्या नियुक्ति–पत्र से संतुष्ट हो जाने पर इनका योगदान तीन माह के लिए औपबंधिक रूप से स्वीकार करेंगे और इस कार्यालय से नियुक्ति–पत्र की सम्पुष्टि करा लेंगे।

9॰ सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के संकल्प संख्या–2082 दिनांक 01.04.2003 एवं पत्र संख्या–1859 दिनांक 08.07.2006 में निहित प्रावधानों के अनुपालन के उपरांत ही पदस्थापन कार्यालय द्वारा नियुक्त कर्मी के वेतनादि का भुगतान किया जायेगा।

10॰ अभ्यर्थियों को नियुक्तिपत्र प्राप्त करने/योगदान हेतु पदस्थापित स्थान पर आने–जाने के लिए कोई यात्रा–भत्ता देय नहीं होगा।

**(रजनीश कुमार सिंह)**
निबंधक, सहयोग समितियाँ,
बिहार, पटना।

ज्ञापांक 9036. /पटना, दिनांक 06.10.2025.

02/नि॰ स्था॰ (खेल कोटा–लिपिक नियुक्ति–01) – 03/2025

प्रतिलिपि :– ई–गजट कोषांग, वित्त विभाग, बिहार, पटना को राज–पत्र के असाधारण अंक में प्रकाशनार्थ प्रेषित। अनुरोध है कि इसकी 20 (बीस) मुद्रित अतिरिक्त प्रतियाँ इस कार्यालय को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

6/X/25

निबंधक, सहयोग समितियाँ,
बिहार, पटना।

ज्ञापांक 9036. /पटना, दिनांक 06.10.2025

02/नि॰ स्था॰ (खेल कोटा–लिपिक नियुक्ति–01) – 03/2025

प्रतिलिपि :– महालेखाकार, बिहार, पटना/सभी नवनियुक्त निम्नवर्गीय लिपिक/सभी प्रमंडलीय संयुक्त निबंधक (अंकेक्षण सहित)/सभी जिला सहकारिता पदाधिकारी/सभी जिला अंकेक्षण पदाधिकारी/सभी उप–मुख्य अंकेक्षक/सभी सहायक निबंधक/सभी कोषागार एवं उप–कोषागार पदाधिकारी/सभी जिला पदाधिकारी/सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना/प्रधान सचिव, वित्त विभाग, बिहार, पटना/अपर मुख्य सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना/प्रभारी पदाधिकारी, सभी प्रशाखा, कार्यालय निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना/विभागीय आई.टी.मैनेजर (विभागीय वेवसाईट पर अपलोड हेतु) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

6/X/25

निबंधक, सहयोग समितियाँ,
बिहार, पटना।